प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल का किया शुभारम्भ : कहा– यह चनल गांवों तक पहुंचायेगा महाकुम्भ से संबंधित सूचनाएं।
2. मुख्यमंत्री ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में 5 एकड़ में स्थापित यूपी स्टेट पवेलियन का किया उद्घाटन : कलाकुंभ प्रदर्शनी का भी किया अवलोकन।
3. मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया शुरू : 17 जनवरी तक भरे जा सकेंगे पर्चे।
4. अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर कल से शुरू होगा तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव : सोने और चांदी से कढ़ी पीतांबरी में दर्शन देंगे रामलला। और
5. पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आज तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव का किया शुभारम्भ : समापन समारोह में मुख्यमंत्री पांच प्रतिभाओं को गोरखपुर रत्न से करेंगे सम्मानित।

————————

मख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन आज यहां कई कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। उन्होंने

सर्किट हाउस में महाकुंभ 2025 के अवसर पर आकाशवाणी के कुंभवाणी चनल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि कुंभवाणी चनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुंभ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जायेगा, जहां लोग चाह कर भी यहां नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी का कुंभवाणी चनल दूरदराज के क्षेत्रों तक महाकुम्भ को लेकर सभी प्रासंगिक सूचना पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। बाइट......

*एक अद्भुत क्षण है और उस अद्भुत क्षण का मौका प्रसार भारती ने कुम्भवाणी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। यानी पूरे दिनभर का प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त से लेकर देर  रात्रि तक न केवल कुंभ के कार्यक्रमों को आंखों देखा हाल के माध्यम से बल्कि महाकुंभ के आयोजन के साथ जुड़े हुए हमारे धार्मिक उद्धरणों को भी चाहें वहा से राम चरितमानस के गायन का। श्रीमद भगवत गीता का हो या अन्य वैदिक शास्त्रों का, पुराणों का, उपनिषदों के उन धणों को कुंभ महाकुंभ के इस रहस्य के बारे में उसके धार्मिक, उसके आध्यात्मिक, उसके सांस्कृतिक और सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को भी ध्यान में रखकर के इस आयोजन का साक्षी हम सबको दूरदराज के गांवों में मुझे लगता है कि यह फैलाने का काम कुम्भ वाणी आकाशवाणी और प्रसार भारती करेगी।*

श्री योगी ने कहा कि महाकुंभ जाति, पंथ और भेदभाव से परे है और यह एकता का संदेश फैलाता है। बाइट.....

*जो महाकुंभ है वो केवल एक आयोजन नहीं है बल्कि गौरव और गर्व का एक महा समागम है। यहां ना पंथ का भेद है, ना जाति का भेद है। सभी पंथ और संप्रदाय एक साथ आस्था की डुबकी लगाकर प्रयागराज के माध्यम*

*से सनातन धर्म के प्रति इस संदेश को प्रदेश और पूरी दुनिया तक ले कर जाते हैं।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मंगल धुन का भी शुभारम्भ किया गया। आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल 26 फरवरी तक सुबह 5 बजकर 55 मिनट से रात 10 बजकर 5 मिनट तक महाकुंभ की हर गतिविधियों पर आधारित कई कार्यक्रम प्रसारित करेगा। इसके साथ ही अमृत स्नान की लाइव कमेंट्री भी प्रसारित की जायेगी।

इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने इस रेडियो चनल के शुभारम्भ के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि प्रसार भारती ने दूरदर्शन और आकाशवाणी के जरिए महाकुंभ के सीधे प्रसारण के व्यापक प्रबंध किए हैं। बाइट....

*आज कुंभवाणी का विशेष एफ एम चेनल लॉन्च किया माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ जी ने शुरू किया है। इस आयोजन को जन–जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है और प्रसार भारती के जो विभिन्न अंग हैं जैसे आकाशवाणी अपना एफ एम चौनल के माध्यम से हमारा मीडियम वेव चौनल है। इसके साथ–साथ डी डी नेशनल, डी डी इंडिया और डी डी न्यूज़ ये तीनों चौनल लगातार कुंभ को अब से लेकर फरवरी के आखिर तक कवर करते रहेंगे।*

इस समारोह में आकाशवाणी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद,

डी.डी. न्यूज की महानिदेशक प्रिया कुमार और कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में पर्यटन विभाग की ओर से पांच एकड़ में स्थापित यूपी स्टेट पवेलियन का उद्घाटन किया। यह पवेलियन प्रयागराज महाकुंभ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पुरातात्विक धरोहरों एवं कुंभ से जुड़ी विविधताओं से परिचित करायेगा। पेश है एक रिपोर्ट.......

*यूपी पवेलियन में प्रदेश के 12 पर्यटन सर्किट को प्रदर्शित किया गया है। यहां थ्री डी तकनीक के माध्यम से अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, कुशीनगर, सारनाथ, नैमिषारण्य सहित अन्य स्थलों को भी दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री ने यहां संस्कृति विभाग द्वारा निर्मित कलाकुंभ प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कलाकुंभ परिसर में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को पुरातात्विक और अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री ने आज प्रयागराज दौरे के दौरान यहां स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में मां की रसोई का उद्घाटन किया। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये यह रसोई शुरू की गई है। इसमे मात्र नौ रूपये में गरीबों को भरपेट खाना मिलेगा। श्री योगी ने एक अन्य कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।*
आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया 17 जनवरी तक चलेगी। मिल्कीपुर सीट पर 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को नतीजा आयेगा। हाल ही में प्रदेश की 9 सीटों पर हुए उपचुनाव के साथ मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होना था, लेकिन मामला कोर्ट में होने के कारण चुनाव नहीं हो पाया था। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत पसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं भाजपा ने इस सीट पर अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा अभी नहीं की है।

——————————

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर कल से तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव मनाया जायेगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट........

*पहले दिन कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम का आगाज रामलला के अभिषेक के साथ करेंगे। इसके बाद सोने–चांदी से कढ़ाई की गई पीतांबरी रामलला को पहनाई जायेगी। यह पीतांबरी दिल्ली से तैयार होकर आज अयोध्या पहुंच गई है। पिछले वर्ष प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधि विधान से रामलला का अभिषेक किया गया था, उसी तर्ज पर कल प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक, पंचामृत और सरयू के जल से किया जायेगा। अभिषेक पूजन के बाद दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर रामलला की आरती होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार इसमें केवल कुछ खास लोगों को ही आमंत्रित किया गया है। वहीं अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 5 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पिछले साल अभिषेक समारोह में जो लोग शामिल नहीं हो सके थे,उन्हें अंगद टीला में प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

प्रतिष्ठा द्वादशी से जुड़े सभी कार्यक्रमों का विभिन्न चनलों के अलावा यू ट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा।

————————

गोरखपुर में रामगढ़ ताल के चंपादेवी पार्क में आज से तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव शुरू हो गया है। इसका उद्घाटन प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया। इस महोत्सव के समापन समारोह में 12 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। समापन समारोह में मुख्यमंत्री अलग–अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिय 5 प्रतिभाओं को गोरखपुर रत्न से

सम्मानित करेंगे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि पिछले 8 वर्षो में उत्तर प्रदेश ने अपनी एक नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर उन्नति के पथ पर निरन्तर प्रगति कर रहा है। इस दौरान उन्होंने विज्ञान पदर्शनी का भी शुभारम्भ किया। महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के अलावा प्रत्येक जिले से एक जिला–एक उत्पाद–ओडीओपी की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। यह महोत्सव 12 जनवरी तक चलेगा, लेकिन इससे जुड़ा शिल्प मेला 16 जनवरी तक लगा रहेगा।

——————————

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते प्रदेश के अधिकांश इलाकों में शीतलहर और कोहरे का असर अभी जारी है हांलाकि राजधानी लखनऊ और बदांयू सहित कुछ जनपदो में आज मौसम साफ रहा और धूप निकलने से लोगो ने राहत महसूस की। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले दो दिनों में पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश और घने कोहरे का अनुमान जतायाहै।

(समाप्त)